# प्रार्थना गृहों की सुरक्षा: परिधि सुरक्षा संबंधी विचार

यह संसाधन सीआईएसए और फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) द्वारा मिलाकर बनाए गए हैं
प्रार्थना गृहों की सुरक्षा: सुरक्षा फ़ैक्ट शीट को और बेहतर बनाने के छह चरण, जिसमें निम्नलिखित चरणों पर प्रकाश डाला गया है:

1. जोखिम को समझें
2. अपने स्थान को समझें
3. एक योजना बनाएं और उसका अभ्यास करें
4. स्वागतकर्ताओं को जानकारी दें और शिक्षित करें
5. अनुदान पाने की कोशिश करें
6. नफरत से जुड़े अपराध और अन्य घटनाओं को रिपोर्ट करें

यह इन्फोग्राफिक इन सूचित प्रथाओं को लागू करने में मदद करने के लिए कम से कम लागत वाले या बिना लागत के समाधानों की रूपरेखा तैयार करता है और सुरक्षा सुधारों के लिए फंडिंग पाने के तरीकों पर प्रकाश डालता है। बहुस्तरीय सुरक्षा और अन्य अनुशंसित शमन के बारे में अधिक जानने के लिए, सीआईएसए की प्रार्थना गृहों पर हमलों को कम करने की सुरक्षा मार्गदर्शिका पर जाएँ।






## आंतरिक परिधि

छह चरणों के अनुरूप है: 1 2 3 4

**वह क्षेत्र जिसमें मुख्य इमारत का भीतरी भाग और किसी भी बाहरी इमारतों का भीतरी भाग शामिल है।**

**एक्सेस कंट्रोल:** सुनिश्चित करें कि दरवाजे ठीक से काम कर रहे हों और अंदर से बंद किये जा सकते हों। आयोजनों के दौरान सीमित प्रवेश द्वार रखने और दरवाजे बंद रखने पर विचार करें। यदि वित्तीय रूप से संभव हो, तो कार्ड स्वाइप एक्सेस कंट्रोल लागू करें। जब कर्मचारी चिंताजनक व्यवहार देखें, तब उचित उपायों - तनाव कम करने से लेकर 9-1-1 पर कॉल करने तक, जैसा उचित हो - के साथ प्रतिक्रिया करने के लिए उन्हें प्रशिक्षित करें।

**प्राथमिक चिकित्सा/एईडी:** सभी कर्मचारियों और उपयुक्त सदस्यों/स्वयंसेवकों को STOP THE BLEED®, सीपीआर और आपातकालीन प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण प्रदान करें। जीवन रक्षक उपकरणों को स्पष्ट रूप से चिह्नित स्थानों पर रखें और नियमित रूप से सूची की जाँच/उपकरणों का परीक्षण करें। फायर अलार्म और स्मोक डिटेक्टर्स लगाएं और इमरजेंसी एक्शन प्लान (ईएपी) के हिस्से के रूप में स्थानीय प्रथम उत्तरदाताओं के साथ उनका सालाना परीक्षण करें।

**एक सुरक्षा दल बनाएँ:** जोखिमों को कम करने, स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित करने और सभा की सुरक्षा योजना को अमल में लाने के लिए एक संपूर्ण योजना बनाने और लागू करने के लिए एक कार्य दल की स्थापना करें।

**परिस्थिति के प्रति जागरूकता बनाए रखें:** प्रवेश और/या स्वागत के स्थान पर संदिग्ध गतिविधि या व्यवहारों की पहचान करने के लिए रिसेप्शन कर्मचारी और स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित करें। अज्ञात व्यक्तियों या वह लोग जिनके व्यवहार से पहले ही हिंसा की संभावना का संकेत मिलता है उनकी परिस्थिति के प्रति जागरूकता बनाए रखें।

आश्रय-स्थान कक्ष: इष्टतम आश्रय-स्थान जैसे स्थानों (मोटी/मजबूत दीवारों, लॉक के साथ ठोस दरवाजों, न्यूनतम भीतरी खिड़कियों और प्राथमिक चिकित्सा आपातकालीन किट) को निर्दिष्ट करें। सुनिश्चित करें कि कर्मचारी और सभाजन प्रशिक्षण और संकेतो के माध्यम से स्थानों की पहचान कर सकें।

## मध्य परिधि

छह चरणों के अनुरूप है: 2 3 4 6

**फ्लूइड क्षेत्र जिसमें मुख्य इमारत के बाहर की जगह के अलावा सब कुछ शामिल है।**

**जागरूकता:** इमारत के सामने के दरवाजे के बाद मौजूद स्टेशन सुरक्षा टीम के सदस्य परिस्थिति के प्रति जागरूकता बनाए रखेंगे और आगंतुकों का स्वागत करते समय चिंताजनक व्यवहार की पहचान करेंगे। यदि संभव हो, तो किसी भी असंगति की पहचान करने के लिए समय-समय पर बाहरी भवन की निगरानी करें। त्वरित कानून प्रवर्तन प्रतिक्रिया के लिए सुरक्षा टीम के सदस्यों को रिपोर्टिंग/अधिसूचना प्रक्रियाओं पर प्रशिक्षित करें।

**दरवाजे:** आगंतुकों की पहचान करने और/या आंतरिक परिधि तक पहुंचने से पहले घुसपैठियों का पता लगाने में मदद के लिए इलेक्ट्रॉनिक डोरबेल लगाएं। जब सभाजन अंदर हों तो एक्सेस को सीमित/अवरोधित करने में मदद के लिए उचित लॉकिंग हार्डवेयर के साथ ठोस, मोटे दरवाजों का उपयोग करें। वर्तमान और पूर्व सदस्यों के बीच चाबी का नियंत्रण सावधानीपूर्वक सुनिश्चित करें।

**खिड़कियाँ:** खिड़कियों पर अलार्म लॉक करें और इंस्टॉल करें और यह सुनिश्चित करे की आपातकालीन स्थिति में बचने के लिए उन्हें अनलॉक किया जा सकता है। जहां संभव हो, वहां ब्लास्ट-प्रतिरोधी ग्लास फिल्म का उपयोग करें। महसूस हुए खतरे का पता चलने पर त्वरित और विश्वसनीय रुप से बंद करने के लिए पुल चेन या सेंटर पुल डिप्लोएबल विंडो शेड्स इंस्टॉल करें।

**आपातकालीन संचार:** एक सार्वजनिक अधिसूचना प्रणाली लागू करें जो पूरे परिसर में सुनाई दे। सुरक्षा टीम और अन्य प्रमुख सदस्यों को हाथ में रखने वाले रेडियो प्रदान करें और सुनिश्चित करें कि सभी उनके उपयोग से परिचित हों। खतरे की रिपोर्टिंग और प्रतिक्रिया की अधिसूचना करने की प्रक्रियाएं बनाएं और सुनिश्चित करें कि सभी सभाजन को चेतावनी के लिए प्रतिक्रिया देने के तरीके अच्छे से पता हों।

**लैंडस्केपिंग:** यातायात को निर्देशित करने या अनधिकृत वाहन के प्रवेश को कम करने के लिए बड़े प्लांटर्स जैसे निवारक लैंडस्केपिंग सुविधाओं पर विचार करें। सुनिश्चित करें कि लैंडस्केपिंग अन्य सुरक्षा उपायों को अस्पष्ट या बाधित न करता हो।

## बाहरी परिधि

छह चरणों के अनुरूप है: 2 4

**वह क्षेत्र जिसमें सरफेस पार्किंग और संपत्ति की सीमा पर प्राथमिक और बाहरी इमारतों की रूपरेखा, डंपस्टर और संगठन के स्वामित्व वाले वाहन शामिल हैं।**

**क्लोज्ड-सर्किट टेलीविजन (सीसीटीवी):** यदि वित्तीय रूप से संभव हो, तो एक निगरानी प्रणाली इंस्टॉल करने पर विचार करें, जिसमें सुविधा परिधि और बाहर से प्रवेश द्वार पर आने वाले व्यक्तियों का स्पष्ट दृश्य दिखाने वाले कैमरे शामिल हों। लॉबी के अंदर और प्रशासनिक कार्यालयों में मॉनिटर इंस्टॉल करने पर विचार करें। चुनिंदा सुरक्षा दल के सदस्यों और कानून प्रवर्तन के लिए रिमोट एक्सेस सुनिश्चित करें।

**लैंडस्केप:** कर्मचारियों, सभाजनों और संभावित प्रथम उत्तरदाताओं के लिए दृश्यता बढ़ाने के लिए बिच में आनेवाली झाड़ियाँ हटा दें।

**लाइटिंग:** बाहरी परिधि में रणनीतिक रूप से फोटो-सेल (शाम से सुबह तक) और गति-सक्रिय लाइटिंग व्यवस्था लगाने पर विचार करें। पूर्ण कार्यक्षमता के लिए उचित रखरखाव सुनिश्चित करें।


**यातायात प्रबंधन:** सक्रिय और/या निष्क्रिय वाहन अवरोध का उपयोग करें । पार्किंग और रास्तों के लिए उचित संकेत लगाएं। यातायात प्रबंधन के लिए प्रशिक्षित और उचित रूप से पहचाने गए स्वागतकर्ताओं, स्वयंसेवकों और/या कानून प्रवर्तन को शामिल करें। ट्रैफ़िक कोन्स, जर्सी बैरियर और/या अन्य बोलार्ड का उपयोग करने पर विचार करें।

# प्रार्थना गृहों की सुरक्षा: परिधि सुरक्षा संबंधी विचार

यह उत्पाद उन गतिविधियों और व्यवहारों का वर्णन करता है जो संदिग्ध हो सकते हैं या आपराधिक गतिविधि सूचित कर सकते हैं। यह गतिविधियाँ संवैधानिक रूप से संरक्षित हो सकती है और इसे केवल तभी रिपोर्ट किया जाना चाहिए जब इस व्यवहार के संदिग्ध होने के तर्कसंगत निष्कर्ष का समर्थन करने के लिए ठोस तथ्य हों। केवल संरक्षित गतिविधियों, जाति, धर्म, लिंग, यौन अभिमुखता या ऐसे कारकों के किसी भी संयोजन के आधार पर रिपोर्ट न करें।

## पावर ऑफ़ हैलो
1 2 3 4 6

सतर्क कर्मचारी संदिग्ध गतिविधि को पहचान सकते हैं और उसे रिपोर्ट कर सकते हैं। यह पॉवर कर्मचारी, नागरिक, संरक्षक या ऐसे किसी भी व्यक्ति में है जो निरीक्षण कर सकते है और उसे रिपोर्ट कर सकते है। ओएचएनओ दृष्टिकोण-निरीक्षण करें, हैलो को शुरु करें, जोखिम को नेविगेट करें और सहायता प्राप्त करें-कर्मचारियों को संदिग्ध व्यवहारों का निरीक्षण और मूल्यांकन करने में मदद करता है और उन्हें संभावित जोखिम को कम करने और आवश्यकता होने पर सहायता प्राप्त करने में सक्षम बनाता है।




## सभी परिधि के स्तर
1 2 3 4 6

**रिपोर्टिंग:**
सुनिश्चित करें कि किसी निकट होने वाली घटना की स्थिति में सभी कर्मियों को 9-1-1 पर कॉल करने का अधिकार हो। संदिग्ध व्यवहार का रिपोर्ट करने के बारे में अधिक टिप्स के लिए See Something, Say Something® पर जाएँ।

**जागरूकता:**
स्थानीय खतरे की जानकारी साझा करने के लिए अपने पड़ोसियों को जानें। ज्ञात खतरों के बारे में जागरूकता बनाए रखने के लिए अपने स्थानीय फ़्यूज़न केंद्र, फ़ेडरल ब्यूरो ऑफ़ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) फ़ील्ड कार्यालय और स्थानीय कानून प्रवर्तन से जुड़ें।

**पर्यावरण डिजाइन के माध्यम से अपराध की रोकथाम (सीपीटीईडी):**
नवीनीकरण या नए परिवर्धन पर विचार करते समय, स्तर दर स्तर कमजोरियों को कम करने या समाप्त करने के लिए सीपीटीईडी सिद्धांतों का पालन करें। अधिक जानकारी के लिए, सुरक्षा हेतु स्थल और शहरी डिज़ाइन: संभावित आतंकवादी हमलों के खिलाफ मार्गदर्शन - फेमा 430 (परिशिष्ट ए) की समीक्षा करें।

## जोखिम
1 2 3 4 6

सुविधाओं को उनके अपने अद्वितीय भौतिक लेआउट और गतिविधि के कारण अलग-अलग जोखिम का सामना करना पड़ता है। जिस तरह सुविधा सुरक्षा टीम कमजोरियों को निर्धारित करना शुरू करती है, विचार करें कि जोखिम को कैसे परिभाषित किया जाता है:

**जोखिम = खतरा x कमजोरी x परिणाम**

**जोखिम:** आकलन किये गए प्रतिकूल परिणाम की संभावना खतरे/जोखिमों, परिसंपत्तियों और उनकी कमजोरियों और परिणामों के एक गुणक के रूप में।

**उदाहरण:** एक्टिव शूटर (खतरा) टूटी हुई बाड़ (कमजोरी) के माध्यम से सुविधा परिसर में प्रवेश करता है और कर्मचारियों और सभाजनों पर हमला करता है, जिससे लोगों के जीवन की हानि होती है (परिणाम)।

**स्तरित सुरक्षा दृष्टिकोण:**
अपनी सुविधा के सुरक्षा प्रयासों को **बाहरी, मध्य और आंतरिक परिधि के रूप में सोचें।**

**समन्वय:** परिधि के सभी स्तरों को ध्यान में रखते हुए और संदिग्ध व्यवहार सुरक्षा प्रशिक्षण और कौशल को एकीकृत करते हुए एक संसक्त और संपूर्ण सुरक्षा दृष्टिकोण का अनुसरण करें।

## योजना संबंधी विचार
3

किसी घटना से पहले सुरक्षा बढ़ाने और किसी घटना के दौरान तथा उसके बाद कर्मियों/स्वयंसेवकों को कैसे प्रतिक्रिया देनी चाहिए उसके लिए संसाधन।

**प्रार्थना गृह:**
cisa.gov/topics/physical-security/protecting-houses-worship

**एक्टिव शूटर इमरजेंसी एक्शन प्लान प्रोडक्ट सूट:**
cisa.gov/resources-tools/resources/active-shooter-emergency-action-plan-product-suite

एक्टिव शूटर के लिए तैयारी: cisa.gov/topics/physical-security/active-shooter-preparednes

**प्रार्थना गृहों के लिए आपातकालीन योजनाएं विकसित करने के लिए फेमा मार्गदर्शिका:**
fema.gov/node/guide-developing-high-quality-emergency-operations-plans-houses-worship

**पावर ऑफ़ हैलो:** cisa.gov/topics/physical-security/non-confrontational-techniques/power-hello

**डी-एस्केलेशन सीरीज़:** cisa.gov/resources-tools/resources/de-escalation-series

## कमजोरियों का आकलन करें
1

संभावित कमजोरियों को समझने और उन कमजोरियों को कम करने के विचार में विकल्पों की पहचान करने के लिए सुरक्षा-केंद्रित आत्म-मूल्यांकन के माध्यम से प्रार्थना गृहों में कर्मियों का मार्गदर्शन करने के लिए संसाधन।

**प्रार्थना गृहों के लिए सुरक्षा स्व-मूल्यांकन:**
cisa.gov/houses-worship-security-self-assessment

**स्कूल सुरक्षा मूल्यांकन टूल (एसएसएटी):**
cisa.gov/school-security-assessment-tool

## स्थानीय संसाधन
1 2 3 4 5 6

सीआईएसए रक्षात्मक सुरक्षा सलाहकार (पीएसए) प्रशिक्षित विषय वस्तु विशेषज्ञ हैं, जो इंफ्रास्ट्रक्चर की सुरक्षा और कमजोरियों को कम करने में सहायता करते हैं।

**सीआईएसए पीएसए:** cisa.gov/resources-tools/programs/protective-security-advisor-psa-program

**राज्य और प्रमुख शहरी क्षेत्र फ़्यूज़न केंद्र:**
dhs.gov/fusion-centers

**एफबीआई के नेतृत्व वाली संयुक्त आतंकवाद टास्क फोर्स:**
fbi.gov/investigate/terrorism/joint-terrorism-task-forces

प्रार्थना गृहों के जोखिम मूल्यांकन और उसे कम करने की अधिक सर्वोत्तम प्रथाओं का पता लगाने के लिए और अपने स्थानीय सीआईएसए पीएसए से संपर्क करने के लिए cisa.gov/about/regions पर जाएँ या central@cisa.dhs.gov पर ईमेल करें।

## प्रशिक्षण और अभ्यास
3

बच्चों की देखभाल करने वाले कर्मियों और एक्सेस और कार्य-संबंधी आवश्यकताओं वाले व्यक्तियों सहित कर्मचारियों और सभाजनों के लिए वार्षिक प्रशिक्षण प्रदान करें।

**आस्था-आधारित संगठनों के लिए सीआईएसए टेबलटॉप एक्सरसाइज पैकेज (सीटीईपी):**
cisa.gov/resources-tools/resources/physical-security-scenarios

**STOP THE BLEED® :** stopthebleed.org/

**बमबारी रोकथाम कार्यालय (ओबीपी) प्रशिक्षण कार्यक्रम:** cisa.gov/resources-tools/programs/office-bombing-prevention-obp-training-program

## अनुदान की जानकारी
5

कई जोखिमों और खतरों से निपटने के लिए प्रशिक्षण, अभ्यास, योजना, कर्मियों और उपकरणों के लिए राज्य, स्थानीय, जनजातीय और क्षेत्रीय अधिकार-क्षेत्रों द्वारा अनुदान का उपयोग किया जा सकता है।

**डीएचएस अनुदान:** dhs.gov/dhs-grants

**गैर-लाभकारी सुरक्षा अनुदान कार्यक्रम:**
fema.gov/grants/preparedness/nonprofit-security

**स्कूल सुरक्षा अनुदान फ़ाइंडर टूल:** schoolsafety.gov/grants-finder-tool

लक्षित हिंसा और आतंकवाद रोकथाम अनुदान कार्यक्रम:
dhs.gov/tvtpgrants

**इस मार्गदर्शन के डिजिटल संस्करण को एक्सेस करने के लिए, नीचे दिए गए QR कोड का उपयोग करें:**

